पेज थ्री देहरादून
हमारा दून
देहरादून शुक्रवार 16 अक्टूबर 2020
पेज 8



हाथरस के दुष्कर्म के दोषियों को दी जाये फांसी की सजा की मांग करते हुए।

# लोगों के रोजगार के अवसर बढ़ाने पर दिया जाय विशेष ध्यानः सीएम

**निर्देश**

■योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी

■बिजली चोरी को रोकने के लिए सभी जनपदों में सघन अभियान चलाया जाय

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जिलाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, सौर ऊर्जा व पिरूल ऊर्जा नीति से लोगों के रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाय।

सरकार की इन जन महत्वकांक्षी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। एलईडी ग्राम लाईट योजना के तहत जिन स्थानों पर प्रोडक्शन का कार्य शुरू हो चुका है। उन स्थानों पर सीडीओ एवं सबंधित विभागीय अधिकारी जाकर महिला स्वयं सहायता समूहों से कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी लें। ताकि उनका शीघ्रता से निवारण हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य में कुछ



क्षेत्र हब के रूप में विकसित करने होंगे। एलईडी ग्राम लाईट योजना के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को उचित प्रशिक्षण, रॉ मेटिरियल एवं सप्लाई चेन की व्यवस्था करनी होगी। स्थानीय स्तर पर लोगों की आय में वृद्धि के लिए सुनियोजित तरीके से कार्य करने होंगे। त्योहारों के सीजन के दृष्टिगत स्थानीय स्तर पर बनाये गये उपकरणों की मार्केटिंग के लिए स्वयं सहायता समूहों को सहयोग दिया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली चोरी को रोकने के लिए सभी जनपदों में सघन अभियान चलाया जाय। इसके लिए दोषियों पर सख्त कारवाई की जाय। विद्युत विभाग के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाय। विद्युत लाईनों की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस योजना बनाई जाय। विद्युत लाईनों की नियमित जांच, आवश्यकतानुसार अंडर ग्राउण्ड केबलिंग की व्यवस्था की जाय। विद्युत लाईनों की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं पर निर्धारित मानकों पर क्षतिपूर्ति एक सप्ताह के अन्दर दिया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाश्त नहीं की जायेगी। यह सुनिश्चित किया जाय कि दुर्घटना के कारणों की जांच रिपोर्ट सबंधित क्षेत्र के विद्युत विभाग के अधिकारियों से शीघ्र उपलब्ध हो। बिजली के बिल की रशीद लोगों तक नियमित रूप से पहुंचे। पिरूल नीति से 40 हजार से अधिक लोगों के आय के संसाधन बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इस नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारियों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इससे बिजली उत्पादन के साथ ही अनेक पर्यावरणीय लाभ भी हैं। पिरूल एकत्रीकरण से स्थानीय स्तर पर महिलाओं के आय के संसाधन बढ़े हैं।

इस अवसर पर एमडी यूपीसीएल डॉ. नीरज खैरवाल, अपर सचिव कैप्टन आलोक शेखर तिवारी, वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### विद्युत उत्पादन में वृद्धि हुई हैः सचिव ऊर्जा

सचिव ऊर्जा श्रीमती राधिका झा ने कहा कि विभागों को की–परफार्मेंस इंडिकेटर दिये जाने से उर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। विद्युत उत्पादन में वृद्धि हुई है। यूजेवीएनएल, यूपीसीएल, पिटकुल एवं उरेडा निर्धारित लक्ष्यों के हिसाब से अच्छा कार्य कर रहे हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत उपलब्धता की स्थिति बहुत अच्छी है।

# डायट डीएलएड प्रशिक्षित सड़कों पर और फर्जी शिक्षक सेवा में

**धरना**

■ एक सूत्रीय नियुक्ति की मांग को लेकर धरना जारी

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से द्विवर्षीय डायट डीएलएड बीटीसी प्रशिक्षकों का एक सूत्रीय नियुक्ति की मांग को लेकर धरना शिक्षा निदेशालय ननूरखेड़ा में 18 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान प्रशिक्षितों ने आरोप लगाया है कि प्रशिक्षित सड़कों पर है और फर्जी शिक्षक सेवा में है, इससे बडा अन्याय और क्या हो सकता है।

यहां बड़ी संख्या में प्रशिक्षित बेरोजगार ननूरखेडा स्थित शिक्षा





निदेशालय में इकटठा हुए और प्रशिक्षितों ने नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि लगातार उनके हितों की अनदेखी हो रही है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रशिक्षितों ने कहा कि कई शिक्षक फर्जी प्रमाण पत्र पर राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं और इस संबंध में काठगोदाम की स्टूडेंट्स गार्जियन वेलफेयर कमेटी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि राज्य के सरकारी स्कूलों में लगभग 3500 टीचरों ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नियुक्ति पाई है। प्रशिक्षितों ने कहा कि जबकि राज्य के जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण में चयन के समय समस्त प्रशिक्षितों कके प्रमाणपत्रों की जांच जिला स्तर पर अधिकारियों की कमेटी द्वारा किया जा चुका है और लिहाजा डायट डीएलएड बीटीसी प्रशिक्षित नियुक्ति की मांग को लेकर भटक रहे हैं लेकिन आज तक उनकी सुध नहीं ली है जो चिंता का विषय है।

इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अमित मैंदोली ने कहा है कि जल्द ही प्रशिक्षितों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो राजधानी में एक बड़े आंदोलन की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि लगातार आंदोलन करने के बाद भी आज तक किसी जन प्रतिनिधि ने उनकी कोई सुध नहीं ली है और अब जन प्रतिनिधियों को भी जगाने का कार्य किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दून में अनेक क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी के अनेक क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया और यहां पर पैराफीट व दुकानों, स्कूलों व मकानों की चाहरदीवारी तोड दी गई और पूर्व में जिन चाहरदीवारी को चिन्हित किया गया था उन पर जेसीबी चली। यहां के निवासियों ने इस अभियान का विरोध किया। हाईकोर्ट के निर्देश पर शुरू किये जा रहे अतिक्रमण हटाने का कार्य राजधानी के अलग अलग क्षेत्रों में किया गया। उधर कौलागढ़ में दो दुकानों पर जेसीबी गरजी और वहां के स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों ने विरोध किया और कहा कि वह अपने अतिक्रमणों को स्वयं ही हटा देंगें जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान ने समय दे दिया।

### दो कन्याओं के लिए ट्रस्ट ने दी राशन सामाग्री

**संवाददाता** देहरादून। गंगा सेना ट्रस्ट द्वारा दो श्री कन्याओ कुमारी रेशमा पुत्री दर्शन लाल एवं कुमारी काजल पुत्री विनोद कुमार विधानसभा क्षेत्र घनसाली विकासखंड भिलंगना जनपद टिहरी गढ़वाल के विवाह समारोह हेतु अन्नदान के रूप में राशन सामग्री ट्रस्ट के माध्यम से दान की गई। इस अवसर पर साथ ही दोनो परिवार की वर वधु, ट्रस्ट के व्यास गुरुदेव सुभाष जोशी,संस्थापक, सतीश सकलानी इत्यादि महानुभावों की उपस्थिति में सामग्री दान की गई।

### आज से गोचर में शुरू होगा सीनियर खिलाड़ियों का ट्रायल

**संवाददाता** देहरादून। पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन चमोली जिले के सीनियर खिलाड़ियों का ट्रायल आज से गोचर में शुरू किया जायेगा। सामाजिक दूरी का पूरा पालन किया जायेगा। यहां जारी एक बयान में एसोसिएशन के जिला सचिव व कोच नरेन्द्र शाह ने बताया कि सीनियर खिलाड़ियों को कोरोना वायरस कोविड 19 से बचाने के लिए मैदान में सैनिटराइजर के छिडकाव की व्यवस्था की गई है।

### भारत में लॉन्च हुई बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू इण्डिया ने देश में फर्स्ट.एवर बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे लॉन्च की है। स्थानीय रूप से बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में निर्मित यह कार आज से डीजल वेरिएंट में सभी बीएमडब्ल्यू इंडिया डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। पेट्रोल वेरिएंट बाद में लॉन्च होगा।
विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के ने कहा कि, फर्स्ट–एवर बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रैन कूपे पहली बार सेगमेंट में बीएमडब्ल्यू के सफल फोर–डोर कूपे कॉन्सेप्ट लेकर आई है। यह कार रोजाना के इस्तेमाल में इंडिविजुअलिटी,एस्थेटिक अपील और इमोशनल एंगेजमेंट का एक ताजा अनुभव लाती है।

### नाराज आयकर कर्मचारियों ने भूख हड़ताल कर दिया धरना

**संवाददाता** देहरादून। लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज आयकर कर्मचारी महासंघ, आयकर राजत्रित अधिकारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने एक दिवसीय भूख हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड उनकी मांगों को नहीं मानेगा तो सभी अधिकारी और कर्मचारी विभाग के बनाए वाटसएस ग्रुप को छोड़ देंगे। इसके अलावा किसी भी आधिकारिक बैठक में शामिल नहीं होंगे, किसी भी तरह के काल्ध्पनिक काल बाधिता को नहीं मानेंगे। गुरुवार को सुभाष रोड स्थित आयकर विभाग कार्यालय के बाहर आयकर राजत्रित अधिकारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अध्यक्ष केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड दिल्ली से मांग करते हुए कहा कि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।